प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश के ऊंचे व मध्यवर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी– आज राज्य के 9 जिलों में भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तूफान का ऑरेंज अलर्ट।
- देश के विभिन्न भागों में धार्मिक और पांरपरिक उत्साह के साथ आज मनाया जा रहा है बंसत पंचमी का त्योहार।
- आकांक्षी जिला चंबा में मुख्यमंत्री और इंदिरा गांधी सुख आश्रय योजना के तहत 257 नए लाभार्थियों को किया गया चिन्हित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।

मौसम

मौसम विभाग के ओरेंज अलर्ट के बीच प्रदेश में मौसम ने करवट ली है। लाहौल स्पिति में लगभग तीन इंच तक की ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। इधर कुल्लू, मनाली, चंबा, किन्नौर, शिमला सहित राज्य के अन्य उंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूककर बर्फबारी हो रही है जबकिं चंबा, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, सोलन सहित अन्य मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ रूक–रूककर वर्षा का दौर जारी है। पर्यटन स्थल शिमला के सराहां, तकलेच, ननखड़ी, रामपुर में सीज़न की पहली बर्फबारी दर्ज की गई है। इधर देहा चौपाल रोड़ में भारी हिमपात से ये मार्ग सभी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता।

वहीं मनाली में भी बर्फबारी का दौर रूक–रूक कर जारी है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

बर्फबारी व तेज हवाओं के चलते राज्य में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में सड़क मार्ग व बिजली बाधित होने का भी  समाचार है। इस ताजा बर्फबारी व बारिश से किसान व बागवान ने राहत की सांस ली है और लंबे समय से चला आ रहा सूखे का दौर खत्म हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज राज्य के 9 जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तूफान का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

## बसंत पंचमी

आज देश के विभिन्न हिस्सों में बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग विशेषकर विद्यार्थी ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती की पूजा करते हैं। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। इस अवसर पर कुल्लू जिले में दोपहर को भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया जाएगा जहां से उन्हें रथ पर बिठा उनके अस्थायी शिविर तक ले जाया जाएगा। कुल्लू में बसंत पंचमी को भरत मिलाप के रूप में भी मनाया जाता है। बाद में रघुनाथजी को गुलाल चढ़ाया जाएगा तथा आगामी 40 दिनों तक यही क्रम जारी रहेगा व चालीसवें दिन होली का त्योहार मनाया जायेगा।

## अश्विनी वैष्णव

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तिगत नेतृत्व में किए गए गहन संरचनात्मक सुधारों के कारण भारत की सुधार यात्राएं सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक उच्च विकास वाले लचीले और विश्व स्तर पर विश्वसनीय गंतव्य में बदल दिया है। स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान वैष्णव ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रमुख सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है, जिसके कारण वैश्विक कंपनियां भारत में अपना निवेश बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है जिसकी विकास दर अगले पांच वर्षों में छह से आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है। वैष्णव ने इस बात पर बल दिया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ाने के लिए सरकार आंतरिक क्षमताओं को मजबूत कर रही है।

## पराक्रम दिवस

आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि भारत की आजादी के पीछे केवल इतिहास नही बल्कि अनगिनत बलिदान छिपे हैं। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस–2026 का आयोजन कर रहा है। स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन और विरासत से जुड़े देश भर के 13 अन्य स्थानों पर भी यह उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव उनके साहस, बलिदान और देशभक्ति की अमर विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। यह उत्सव इस माह की 25 तारीख तक चलेगा।

## सुख आश्रय योजना

आकांक्षी जिला चंबा में पात्र लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी दिशा में चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत चंबा जिला में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और इंदिरा गाँधी सुख आश्रय योजना के 257 नए लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। इसमें इंदिरा गाँधी सुख आश्रय योजना से संबंधित 200 तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के 57 लाभार्थी शामिल हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवददाता।

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत जिला चंबा में करीब 4 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए गए हैं जिसके तहत 1 हजार के करीब पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया गया है जबकि इस अवधि में 300 लोगों को त्योहारी भता, 35 को शादी के लिए अनुदान तथा 57 को गृह निर्माण के लिए सहायता राशि प्रदान की गई है। वहीं इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत विधवाओं, निराश्रित तथा तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों के बच्चों को शिक्षा देने के आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 साल तक शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए हर महीने 1000 रुपए का अनुदान दिया जाता। यदि किसी विद्यार्थी को सरकारी हॉस्टल नहीं मिलता है तो उसे 3000 रूपए की राशि प्रतिमाह दी जाती है।

प्रधानमंत्री–मन की बात.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कडी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। वे नमो ऐप या मायगॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने सुझाव आज 23 जनवरी तक भेज सकते हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

मुख्यमंत्री के बयान को आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण की सुर्खी है पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को देंगे प्राथमिकता। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है सुलह की महिलाओं को भी मिलेंगे 15 सौ रूपए।

अमर उजाला की एक खबर है केंद्र ने शर्तों के साथ हिमाचल को दी 5 सौ 45 करोड़ की विशेष ऋण सहायता।

रोहडू का प्रसिद्ध बाण मंदिर आग से नष्ट शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है सूखे ने आग के खतरे को बढ़ाया।

दैनिक भास्कर की एक खबर है चंडीगढ़–बद्दी रेलवे लाईन का 40 फीसदी काम पूरा–जून 2027 तक प्रोजेक्ट पूरा करने का रखा है लक्ष्य।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- प्रदेश के ऊंचे व मध्यवर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी–आज राज्य के 9 जिलों में भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तूफान का ऑरेंज अलर्ट।
- देश के विभिन्न भागों में धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ आज मनाया जा रहा है बंसत पंचमी का त्योहार।

- आकांक्षी जिला चंबा में मुख्यमंत्री और इंदिरा गांधी सुख आश्रय योजना के तहत 257 नए लाभार्थियों को किया गया चिन्हित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।